




# फाइनल मुकाबले में धाता ने भदेदू को हराकर शील्ड पर जमाया कब्जा

## 18 दिवसीय सुपर चैलेंज कप बरेठी का भव्य समापन , खेल से होता है सर्वांगीण विकास : एसडीएम

नवभारत न्यूज

**चित्रकूट 19 जनवरी, नववर्ष के पहले दिन से शुरू हुआ 18 दिवसीय सुपर चैलेंज कप बरेठी का पूरे उत्साह और भव्यता के साथ संपन्न हो गया। समापन अवसर पर खेल प्रेमियों का उत्साह देखते ही बन रहा था। फाइनल मुकाबला भदेदू और धाता टीम के बीच खेला गया, जो आखिरी क्षण तक बेहद रोमांचक रहा। शानदार प्रदर्शन करते हुए धाता टीम ने भदेदू को पराजित कर खिताब अपने नाम कर लिया।**

समापन समारोह के मुख्य अतिथि उप जिलाधिकारी राजापुर फूलचंद यादव रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में अग्रणी जिला प्रबंधक अनुराग शर्मा, जिला समाज कल्याण अधिकारी डॉ. वैभव त्रिपाठी, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व समाजसेवी कुंवर पुष्पेंद्र सिंह तथा राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद के जिलाध्यक्ष व समाजसेवी अनिल त्रिपाठी देवरवा, विकास पथ सेवा संस्थान के अध्यक्ष डॉक्टर प्रभाकर सिंह मौजूद रहे। अतिथियों ने विजेता धाता टीम और उपविजेता भदेदू टीम को ट्रॉफी व पुरस्कार देकर सम्मानित किया। विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट खिलाड़ी भी सम्मान पाकर गदगद रहे। आयोजन समिति की ओर से बेस्ट बॉलर, बेस्ट फील्डर, बेस्ट कॉमेंटेटर, बेस्ट उद्घोषक और बेस्ट अनुशासन के लिए चयनित खिलाड़ियों को मेडल और ट्रॉफी प्रदान की गई। वहीं खेल मैदान में सराहनीय सहयोग देने वाले खिलाड़ियों को टी-शर्ट और



मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि उप जिलाधिकारी फूलचंद यादव ने कहा कि खेलकूद के आयोजनों से खिलाड़ियों का चहुमुखी विकास होता है और ग्रामीण प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का अवसर मिलता है। ऐसे आयोजनों से गांव और क्षेत्र में विकास की गति तेज होती है तथा आपसी भाईचारे की भावना मजबूत होती है। उन्होंने विजेता खिलाड़ियों को बधाई दी और अन्य खिलाड़ियों को और अधिक मेहनत व अभ्यास करने की सलाह दी। विशिष्ट अतिथि एलडीएम अनुराग शर्मा ने कहा कि खेल से शरीर और मन दोनों स्वस्थ रहते हैं। जब शरीर स्वस्थ होता है तो जीवन के हर क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन किया जा सकता है। वहीं जिला समाज कल्याण अधिकारी डॉ. वैभव त्रिपाठी ने खिलाड़ियों को निरंतर अभ्यास और मेहनत के जरिए खेल को करियर बनाने के लिए प्रेरित किया।

वरिष्ठ पत्रकार अनिल त्रिपाठी देवरवा ने कहा कि यह क्षेत्र बाबा तुलसी की तपोभूमि है, जहां परिश्रम और तपस्या से ही सफलता मिलती है। वरिष्ठ कांग्रेसी नेता व समाजसेवी कुंवर पुष्पेंद्र सिंह ने कहा कि यह आयोजन बीते 13 वर्षों से लगातार निर्विवाद रूप से होता आ रहा है, जो सराहनीय है।

उन्होंने आर्थिक रूप से कमजोर खिलाड़ियों को हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया। साथ ही खिलाड़ियों को मोबाइल और नशे से दूर रहने की सलाह दी गई।

### ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम के संरक्षक सभासद शंकर यादव ने सभी अतिथियों और सहयोगियों विनोद केसरवानी प्रिंस मोबाइल, कुंवर पुष्पेंद्र सिंह का विशेष रूप से आभार जताया। आयोजन समिति के आयोजक अभिनंदन यादव तथा खेल मैदान उपलब्ध कराने वाले गांव के बुजुर्ग हनुमान प्रसाद यादव, रामभवन यादव, रामनरेश रघुनंदन देव कुमार प्रीतम वर्मा ज्ञान सिंह महेश यादव और रामभजन को मुख्य अतिथि द्वारा अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन केशन सिंह भोले ने किया। यह खिलाड़ी भी पुरस्कृत हुए जिनकी अहम भूमिका रही कमेंटेटर धनंजय यादव नरेंद्र, रामसागर, राकेश वर्मा,सुनील सिंह विजय प्रदीप साहुल आशीष पंचदीप वैभव उत्कर्ष भरत लाल अंकित वर्मा सुनील यादव आदि शामिल रहे।



# एसडीएम ने किया शिविर स्थल का निरीक्षण

नवभारत न्यूज

**नागौद 19 जनवरी,राज्य शासन के निर्देशानुसार विभिन्न विभागों की अनेक योजनाओं व सेवाओं को पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाने के उद्देश्य से संकल्प से समाधान अभियान अंतर्गत नगर परिषद नागौद में 12 जनवरी से लगातार शिविरों का आयोजन किया जा रहा है।**

सोमवार को निकाय के वार्ड क्रमांक 4 स्थित शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्रांगण में आयोजित शिविर स्थल का एसडीएम जितेंद्र वर्मा द्वारा औचक निरीक्षण किया गया, निरीक्षण के दौरान श्री वर्मा द्वारा विभिन्न विभागों की योजनाओं व सेवाओं के साथ प्राप्त आवेदनों की जानकारी प्राप्त की गई तथा प्राप्त आवेदनों को ऑनलाईन कर त्वरित कार्यवाही करने के भी निर्देश दिए गए।

उक्त अवसर पर सीएमओ शैलेंद्र सिंह, सब इंजीनियर अभिषेक शर्मा, हल्का पटवारी अजय दीक्षित, नोडल अधिकारी पृथु त्रिपाठी, , श्रीमती इंदु तिवारी, रामपाल कुशवाहा, देवेंद्र सिंह, अंबिका प्रसाद, आदर्श मिश्रा, उमंग वर्मा, कृष्णेन्द्र कोरी, रवि सिंह, वार्ड की आंगनवाड़ी कार्यकर्ता-सहायिका सहित हितग्राही उपस्थित रहे।

# आदर्श उच्च .मा . विद्यालय का वार्षिक उत्सव हर्षोल्लास से आयोजित

नवभारत न्यूज

**रामपुर बघेलान 19 जनवरी, स्थानीय आदर्श उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, रामपुर बाघेलान में आज वार्षिक उत्सव समारोह हर्षोल्लास एवं धूमधाम के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जनपद सदस्य नंदकिशोर सिंह नंदू भैया की उपस्थिति रही।**

कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन एवं मां सरस्वती के पूजन के साथ किया गया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने उपस्थित जनसमूह का मन मोह लिया। नृत्य, गीत, नाटक एवं अन्य प्रस्तुतियों के माध्यम से विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में पुष्पराज कुशवाहा जिला उपाध्यक्ष, युवा मोर्चा



सतना, शिवम त्रिपाठी प्रदेश कार्य समिति सदस्य, युवा मोर्चा सतना, पार्षद शिवांक त्रिपाठी जिला मीडिया प्रभारी, सतना, सुदर्शन कोल पार्षद, रामपुर बघेलान,आर. बी. सिंह पूर्व अध्यक्ष, अधिवक्ता संघ, तहसील रामपुर बघेलान विरेंद्र कुमार पटेल (समाजसेवी) वंश कुमार सिंह (जनपद सदस्य),हरकेश चौधरी (सरपंच, सेल्हना)रामचरित कोल (उप सरपंच, महुरक्ष)रामदत्त यादव, प्रमोद साकेत, राकेश सिंह बाघहाई एवं प्रीति सिंह (बम्होरी) विशेष रूप से उपस्थित रहे।अपने संबोधन में जनपद सदस्य नंदकिशोर सिंह 'नंदू भैया' ने कहा कि शिक्षा ही समाज के सर्वांगीण विकास की नींव है और ऐसे आयोजन विद्यार्थियों के आत्मविश्वास, संस्कार एवं प्रतिभा को नई दिशा देते हैं। कार्यक्रम का आयोजन विद्यालय की संचालक श्रीमती उर्मिला सिंह के मार्गदर्शन में तथा प्राचार्य रामचरित सिंह के नेतृत्व में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षकगण आर. बी. सिंह, माया प्रजापति, प्रिंसी शुक्ला, अन्नपूर्णा सिंह, माया वर्मा, कंचन मिश्रा, प्रियंका शर्मा, अंकिता सिंह, मीनाक्षी त्रिपाठी, साधना साकेत, नैन्सी सिंह, अंजना साकेत, खुशी सिंह, नीरज सिंह, खुशी चौरसिया एवं मृत्युंजय सिंह, साथ ही पुष्पराज सिंह एवं रामबली सिंह(शासकीय कन्या उच्च माध्यमिक विद्यालय, रामपुर बघेलान), जयवीर सिंह (शिक्षक, बढ़ौरा), दीपा सिंह (शिक्षिका, बम्होरी), सुरजा उइके (व्याख्याता, सज्जनपुर), साधना उइके (शिक्षक, बम्होरी) एवं रेवालाल उइके (शिक्षक, जमुनिया) की सक्रिय सहभागिता रही।कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रस्तुति देने वाले विद्यार्थियों में रोशनी सोनी, दीक्षा विश्वकर्मा, रुचि वंशल, आशिकी सिंह, शमी सिंह, संजना, अमृता, राधिका, रक्षक, आज्ञा, रीतिका, प्रांजलि, मोहनी, प्रिंसी, रूपा, रीता, सिद्धार्थ, कान्हा, मानवी, वंशिका, साक्षी, प्रियांशी, रूबी, आकृति, ओमनी, महिमा, सालनी, प्रतिभा, मनीषा एवं खुशी प्रमुख रूप से शामिल रहे। छात्र-छात्राओं के लिए प्रेरणादायक संदेश के रूप में कहा गया "कलम, संस्कार और मेहनत जिनके हाथों की पहचान बने, वही छात्र आगे चलकर समाज और देश का स्वाभिमान बने।" कार्यक्रम में शिक्षकगण, अभिभावक एवं क्षेत्र के गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। अंत में विद्यालय परिवार द्वारा सभी अतिथियों एवं उपस्थितजनों के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

# स्व . महेंद्र सिंह सोनू स्मृति अंतरराज्यीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता प्रारंभ

नवभारत न्यूज

**हिरौंदी 19 जनवरी, मझगवां तहसील के ग्राम पंचायत हिरौंदी में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी अंतरराज्यीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता 19 से 21 जनवरी 2026 तक किया जा रहा है जिसमें आज के उद्घाटन मैच में साई क्लब हिरौंदीं वा किटहा के बीच हुआ जिसमें से लगातार साई क्लब हिरौंदीं टीम विजई रही.**

दूसरा मैच हिरौंदीं बी गौहानी के बीच हुआ जिसमें से गोहानी विजई रही, और चंदई वा खुटहा के बीच हुआ जिसमें से में चंदई विजई रही, महुला वा भरगवां बीच हुआ जिसमें महुला विजई रही।

कल गृह जिले की टीमें



अलावा बाहरी टीम उत्तराखंड ,बनारस ,दिल्ली ,मुजफ्फरनगर ,देहरादून ,आजमगढ़ ,प्रयागराज, हरियाणा, वॉलीबॉल प्रतियोगिता में शामिल होंगी।

उद्घाटन मैच के मुख्य अतिथि समाजसेवी रुपेश पटेल रहे,अध्यक्षता कामता सिंह रिटायर्ड रेलवे विभाग ,विशिष्ट अतिथि सरपंच कमलेश सिंह सचिव रहे, संचालन रमेश यादव ने किया। चूड़ामन सेन व हिरौंदी समिति के धीरू सेन,अनूप साहू,चमन परस्ते, रवि गुप्ता, लल्ला जैसवाल, प्रकाश विश्वकर्मा, धन्नू जैसवाल, पंकज सेन,विवेक सिंह, पंकज सिंह, रावेंद्र जैसवाल, अमित त्रिपाठी, अंकित सिंह, शिवम सिंह,और अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# भाकियूअ की बैठक घोरकाट में हुई

▸ राष्ट्रीय अध्यक्ष बिरसिंहपुर 16 फरवरी को आएंगे

नवभारत न्यूज

**कोटर 19 जनवरी, भारतीय किसान यूनियन अराजनीतिक की मासिक बैठक घोरकाट ग्राम में सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता ब्लॉक अध्यक्ष रामकृष्ण पांडे ने किया।**

बैठक के मुख्य अतिथि प्रदेश संगठन मंत्री द्वारका प्रसाद तिवारी थे। बैठक में क्षेत्रीय समस्याओं के बारे में विचार विमर्श किया गया जिसमें प्रमुख रूप से बिजली की समस्या के बारे में चर्चा की गई बिजली विभाग के उदासीनता के चलते किसानों को समय पर बिजली नहीं मिलती जिससे किसानों की फसल प्रभावित हो रही है




जिससे किसान दुखी है।

साथ ही कृषि उपज मंडी बिरसिंहपुर में राष्ट्रीय अध्यक्ष का आगमन 16 फरवरी को हो रहा है जिसमें सभी किसानों से उपस्थित होने की अपील की गई है। बैठक में प्रमुख रूप से रामानुज सिंह ,राम भगवान पांडे ,रवि प्रकाश गौतम, सोनू गौतम कोटर ,सरमन प्रजापति, संजय त्रिपाठी ,मनभरण मिश्रा ,वीरेंद्र त्रिपाठी, मनोज कुशवाहा ,कैलाश कुशवाहा ,अमरपाल सिंह ,गजाधर सिंह अवेर ,लोकेशर प्रताप सिंह लौलाछ, तनू पयासी, पिंटू त्रिपाठी, नवल पयासी ,आनंद बिहारी शुक्ला, राजा उरमलिया ,कमलभान त्रिपाठी, सुरेंद्र सिंह कोटर, विजय सिंह, चंद्रशेखर त्रिपाठी आदि सैकड़ो किसान उपस्थित थे।

# भगवान विश्वकर्मा जी का जन्म उत्सव 3 को मनाया जाएगा

▸ नवनियुक्त पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण ,नियुक्ति पत्र वितरण एवं सम्मान होगा

नवभारत न्यूज

**मैहर 19 जनवरी, श्री विश्वकर्मा महापंचायत संगठन जिला मैहर की बैठक रेस्ट हाउस के पास मैहर में आयोजित की गई .**

जिसमें बैठक में जिला संरक्षक एवं वरिष्ठ समाजसेवी एडवोकेट राजेंद्र प्रसाद विश्वकर्मा के मुख्य अतिथि एवं जिला अध्यक्ष राजेंद्र विश्वकर्मा के अध्यक्षता में संपन्न हुई जिसमें सभी पदाधिकारी की नियुक्ति की गई एवं सभी लोगों ने सर्वसम्मति से निर्णय लिए की आगामी 31 जनवरी 2026 को भगवान विश्वकर्मा का जन्म उत्सव नवनियुक्त पदाधिकारी का शपथ ग्रहण एवं नियुक्ति पत्र का वितरण



और सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा, यह आयोजन जन सूचना पर्यटन केंद्र क्रमांक 1 देवी जी रोड बस स्टैंड के पास आयोजित होगा इस अवसर पर जिले के जिला सलाहकार राजकुमार विश्वकर्मा, जिला महामंत्री बाला प्रसाद विश्वकर्मा, जिला सह महामंत्री जगन्नाथविश्वकर्मा, जिला सचिव गंगा प्रसाद विश्वकर्माजी, जिला उपाध्यक्ष सरपंच बद्री प्रसाद विश्वकर्मा अमरपाटन, अनिल विश्वकर्मा , राम सिया विश्वकर्मा , राम बहोरन विश्वकर्मा अमरपाटन , जिला मंत्रीगण कैलाश विश्वकर्मा खेरवा कला, विनोद विश्वकर्मा , बालकिशन विश्वकर्मा , बाबूलाल विश्वकर्मा , जिला सोशल मीडिया प्रभारी धर्मेंद्र विश्वकर्मा ,जिला सहसोशल मीडिया प्रभारी संजय विश्वकर्मा ,जिला सहकोष अध्यक्ष मुन्नालाल विश्वकर्मा, कार्यालय मंत्री जगदीश प्रसाद विश्वकर्मा , सह कार्यालय मंत्री देवीदीन विश्वकर्मा , मैहर मंडल के अध्यक्ष जगदीश विश्वकर्मा जीत नगर ,जिला सदस्य रामानुज विश्वकर्मा , सूरज दीन विश्वकर्मा , सुनील विश्वकर्मा , उत्तम विश्वकर्मा , राम किशन विश्वकर्मा एवं काफी संख्या में पदाधिकारी गण कार्यकर्ता बंधु उपस्थित रहे।



# ट्रेनी डीएसपी आशुतोष त्यागी को दी गई भावभीनी विदाई

नवभारत न्यूज

**कोठी 19 जनवरी, कोठी थाना में अपना 90 दिनों का कार्यकाल पूरा करने के बाद डीएसपी आशुतोष त्यागी आज अपने प्रभार से मुक्त हो गए ।**

इस अवसर पर नगर के लोगों , पत्रकारों एवं स्टाफ ने उनका माल्यार्पण कर श्री राम दरबार का चित्र भेंट कर भावभीनी विदाई दी। इस अवसर पर लोगों ने कहा कि आपके द्वारा किए गए कार्य सभी के लिए प्रेरणा स्रोत रहेंगे आपने अपनी निष्ठा ईमानदारी एवं कर्तव्य परायणता का पालन करते हुए जिस प्रकार से कार्यभार संभाला है वह सदैव लोगों को स्मरण रहेगा। जिस प्रकार लंबे समय बाद कोठी सहित आसपास का क्षेत्र अपराधों में नियंत्रित हुए है इसकी कल्पना शायद ही लोगों ने किया हो, अपने अपनी कर्तव्य परायणता एवं इच्छा शक्ति की बदौलत आपने कर दिखाया।

# ई-अटेंडेंश के चक्कर में शिक्षक से आठ हजार की ठगी

नवभारत न्यूज

**सतना 19 जनवरी, शिक्षक गुलशन प्रसाद चौधरी पिता जगतदेव चौधरी निवासी ग्राम कृपालपुर शा0 पूर्व माध्यमिक विद्यालय बीरनई में माध्यमिक शिक्षक के पद पर पदस्थ हैं।**

दिनाँक 19 जनवरी को प्रात: 10.00 बजे से विद्यालय में उपस्थित था। ई अटेन्डेन्स न लग पाने के कारण, जब शिक्षक ई-अटेन्डेन्स लगाने का प्रयारत कर रहा था, तभी मो. नं. 7460049864 से शिक्षक के पास फोन आया इस फोन कॉल में शिक्षक की सामान्य जानकारी लेने के बाद शिक्षक गुलशन चौधरी को मानसिक रूप से प्रताड़ित किया गया। जिसमे अश्लील वीडियो का जिक्र किया गया। शिक्षक इंटरनेट के इतने जानकार नहीं है कि वह सत्यता को समझ पाते। अत: भय और सामाजिक बदनामी के डर के कारण शिक्षक ने उनकी 11,000 (ग्यारह) हजार रुपये की मांग पर 8000 (आठ) हजार रुपये फोन पे के माध्यम से मोबाइल नम्बर 9519636646 एवं आईडी क्रमांक-T26011912472617634872 एवं आईडी क्रमांक. T2601191229232429637282 के द्वारा 4000+4000 = 8000 रु. का भुगतान् कर दिया गया ।

इस तरह से ई अटेंडेंश के चक्कर मे शिक्षक शिकार हो गए। इसकी शिकायत थाना रामपुर बाघेलान में की गई है।

# सीधी ने डीसीए सतना को 52 रनों से हराया

▸ स्वर्गीय कप्तान अवधेश प्रताप सिंह स्मृति क्रिकेट टूर्नामेंट के दूसरे दिन

नवभारत न्यूज

**रामपुर बाघेलान 19 जनवरी, स्थानीय लाल चंद्रकांत सिंह स्टेडियम में चल रहे स्वर्गीय कप्तान अवधेश प्रताप सिंह स्मृति क्रिकेट टूर्नामेंट के दूसरे दिन सीधी और सतना डीसीए के बीच मुकाबला हुआ।**

इस दौरान खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए विधायक विक्रम सिंह ने कहा कि खेल मानव जीवन के लिए अति आवश्यक अंग है इसी लिए वे कई वर्षों से निरंतर स्व कप्तान



अवधेश प्रताप सिंह स्मृति अंतरराज्यीय क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन रामपुर बघेलान में करते हैं।

मैच में 23 ओवर खेलते हुए सीधी की टीम ने 166 रन बनाए लक्ष्य का पीछा करते हुए सतना टीम 114 रन में ऑल आउट हो गई और सीधी टीम ने 52 रनों से विजय हासिल की।

मैन ऑफ द मैच सीधी के बलकेश कुमार रहे । आयोजक समिति से प्राप्त जानकारी के अनुसार अगला मैच सीधी और रीवा के बीच खेला जाएगा। मैच के दौरान मुख्य रूप से नगर विधायक प्रतिनिधि अशोक सिंह, मंडल अध्यक्ष जितेंद्र मिश्रा, मंडल अध्यक्ष रामकृष्ण तिवारी ,मंडल अध्यक्ष मृगेंद्र सिंह परिहार ,संजय मिश्रा, विश्व विजय सिंह अजीत सिंह, कमलेश कचेर ,आशीष सिंह इटमा, कॉमेंटेटर सानू मिश्रा, विष्णू सिंह बघेल, आशीष सिंह अम्बू ,धीरेंद्र सिंह धीरू ,पवन गौतम, संदीप गुप्ता संतोष सिंह त्योधरी ,शिवमोहन सिंह ,कुबेर ताम्रकार, गंगा सिंह ,संदीप मिश्रा ,बंटी शुक्ला सहित सैकड़ों खेल प्रेमी उपस्थित रहकर टूर्नामेंट का लुफ्त उठाया।

### रंग बिरंगी लाइटों से जगमगाता कोठी थाना परिसर

काफी समय से क्षेत्र के दलालों के चंगुल से घिरे कोठी थाना को अब दलालों से मुक्ति मिल चुकी है और अब दो-दो थाना प्रभारियों के द्वारा किए गए कार्यों की बदौलत दलालों की दाल भी गलने वाली नहीं है चाहे इसके लिए वह कितना भी हाथ पैर पटके परंतु अब होगा वही जो होना चाहिए । आपको बता दें की 1 वर्ष के अंदर ही कोठी थाने का अब कायाकल्प हो रहा है और अब कोठी थाना



अपने नए स्वरूप पर दिख रहा है दिन में तो ठीक रात में भी कोठी थाना रंग बिरंगी लाइटों से जगमगा रहा है। यह कायाकल्प प्रशिक्षु आईपीएस मनीष भारद्वाज द्वारा तैयार की गई नींव से संभव हुआ है जिस पर डीएसपी आशुतोष त्यागी का त्याग और समर्पण निहित है जिसकी बदौलत अब उस नींव पर नई दीवार खड़ी होकर एक अलग ही चमक बिखेर रही है और अब कोठी थाना अपने आप ही अलग रंग बता रहा है चाहे वह किसी भी दिशा में हो कोठी थाना क्षेत्र में इन दिनों जहां एक ओर अपराधी भूमिगत है या की फिर अपराध करना बंद कर दिए हैं और कर भी रहे हैं तो थाना क्षेत्र छोड़कर वहीं दूसरी ओर कोठी थाना का स्वरूप ही बदल गया है थाना परिसर के अंदर अतिक्रमणकारियों के चंगुल से मुक्त कराई गई जमीन पर अब सुव्यवस्थित पार्क का निर्माण कराया गया है जिसमें बच्चों के खेलने के झूले ,व्यायाम के लिए ओपन जिम, वॉलीबॉल ग्राउंड, बैडमिंटन ग्राउंड, पार्किंग, आरसीसी रोड सहित बैठने के लिए कुर्सियां तथा पार्क में हरी घास लगाई गई है .

# कौंहारी में हीरा की अवैध खदानों का जाल

## शासन को राजस्व की लगती है करोड़ों की चपत



नवभारत न्यूज

**मझगवां 19 जनवरी, मझगवां तहसील का कौहारी गांव इन दिनों हीरा के अवैध उत्खनन का गढ़ बन चुका है।**

सूत्रों के अनुसार, बरौंधा थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले 'सेहा' इलाके में कौंहारी नदी के किनारे 100 से अधिक हीरा की अवैध खदानें धड़ल्ले से संचालित हो रही हैं। जिससे मध्य प्रदेश शासन को करोड़ों रुपये के राजस्व की हानि हो रही है। नदी के तटीय क्षेत्रों में भू-माफियाओं ने मशीनों और सैकड़ों मजदूरों के जरिए जमीन को छलनी कर दिया है। इस काले कारोबार में गोपालपुर, पहउआ, कठवरिया और कौहारी क्षेत्र सहित बांदा के कई रसूखदार नामों के शामिल होने की चर्चा है। इन माफियाओं के हौसले बुलंद हैं। जिस क्षेत्र में सख्त निगरानी होनी चाहिए, वहां माफिया बेखौफ होकर प्राकृतिक संपदा की लूट कर रहे हैं।

### अंतर विवि प्रतियोगिता के लिए ग्रामोदय की फुटबॉल टीम रवाना

**चित्रकूट,** ग्वालियर में आयोजित सेंट्रल जोन अंतर विश्वविद्यालयीन प्रतियोगिता में सहभागिता के लिए आज कुलगुरु प्रो. आलोक चौबे ने 15 सदस्यीय फुटबॉल (पुरुष) टीम को खेल समिति के सचिव डॉ विनोद कुमार सिंह , टीम प्रबंधक के नेतृत्व में रवाना किया। इस मौके पर टीम को कुलगुरु प्रो आलोक चौबे ने शुभकामनाएं भी दी।



# गहोई समाज ने सरभंगा क्षेत्र के आदिवासी ग्रामों में मनाया गहोई दिवस

नवभारत न्यूज

**सतना 19 जनवरी, गहोई वैश्य समाज द्वारा सरभंगा वन क्षेत्र में स्थित बांका, लोटीनी, पिपरावन, गुलाबी, बरूआ, कररिया, अमिरीति, भरगंवा, अमरहटी, दलेला, परेवा, विरगढ़ा, बिछीयन, सेलौरा सहित अनेक आदिवासी ग्रामों की महिलाओं एवं ग्रामीणजनों के साथ उत्तरायण के पश्चात आने वाले प्रथम रविवार को गहोई दिवस हर्षोल्लास, उत्साह एवं सामाजिक समर्पण के भाव के साथ मनाया गया।**

कार्यक्रम का शुभारंभ समाज के पदाधिकारियों एवं सदस्यों द्वारा महान जननायक एवं आदिवासी समाज के गौरव भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन करने के



साथ हुआ। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जनपद सदस्य श्रीमती सोना सिंह रहीं। इस अवसर पर उपस्थित सौ से अधिक आदिवासी महिलाओं को साड़ियां, दैनिक उपयोग के बर्तन, कंबल एवं अन्य आवश्यक उपहार वितरित किए गए। गहोई वैश्य पंचायत के अध्यक्ष संजय गुप्ता ने अपने उद्बोधन में कहा कि गहोई समाज सदैव सामाजिक समरसता, सेवा और सहयोग की भावना के साथ कार्य करता रहा है तथा आदिवासी समाज के उत्थान एवं उनके साथ आत्मीय जुड़ाव समाज की परंपरा का अभिन्न अंग है। पंचायत के सचिव पीयूष गुप्त ने भगवान बिरसा मुंडा के स्वतंत्रता संग्राम में दिए गए अतुलनीय योगदान पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनका जीवन संघर्ष, साहस और स्वाभिमान का प्रतीक है, जो आज भी समाज को न्याय, समानता और आत्मसम्मान के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। कार्यक्रम का सफल संचालन राजेश त्रिपाठी द्वारा किया गया तथा राजेश दीक्षित ने सभी उपस्थित जनों के प्रति आभार व्यक्त किया। इसके उपरांत समाज के सभी सदस्यों ने सरभंग ऋषि के आश्रम पहुंचकर दर्शन एवं पूजा-अर्चना की तथा वन क्षेत्र के मनोहारी प्राकृतिक वातावरण का आनंद लिया। भोजन एवं प्रसाद का आयोजन फक्कड़ बाबा के आश्रम में किया गया। इस अवसर पर समाज के बड़ी संख्या में महिला, पुरुष एवं बच्चे उपस्थित रहे, जिनकी सहभागिता से कार्यक्रम अत्यंत सफल एवं स्मरणीय रहा। इसमें प्रमुख रूप से पी डी कुचिया, राजकिशोर झुडेले, सोमेश गुप्ता, अखिलेश कुचया, जगदीश सोनी, आशीष चोदहा, मनीष कटारे, संदीप गुप्ता, धीरेंद्र गुप्ता, कुलदीप गुप्ता, शैलेश रावत, गणेश शंकर सरावगी, उमेश बड़ेरिया, आशीष कुचया, शुभम कुचया, दिनेश गुप्ता, सचिन गुप्ता, राजीव कंदेले, अमित सेठिया, सत्यम कुचया, अंकुर कुचिया, उमा रावत, उषा बड़ेरिया, ममता मोर, वर्षा कटारे, अहिल्या निखरा, इंदू रावत, लता कुचया ,शीतल कूचया, निधी खंताल, छाया अरुसिया, ज्योति बड़ेरिया, प्रियंका कुचया, नम्रता सेठिया, लक्ष्मी सरावगी, अनीता तितविलासी, डॉली रावत, चंदा गुप्ता, ममता जुड़ेले, सारिका गुप्ता, सुनीता खरया, अर्चना तीतविलासी, कुसुमलता गुप्ता, निधी कूचया, निधि सुहाने उपस्थित रहे।